उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक : 4306 /2018/अधियाचन/2018–19 दिनांक : 14/01/2019

विज्ञप्ति

जिलाधिकारी, प्रयागराज के पत्र संख्या 227/ए0जे0ए0 प्रथम/2018 दिनांक 24 दिसम्बर 2018 एवं पत्र संख्या 229/ए0जे0ए0 प्रथम/2018 दिनांक 26 दिसम्बर 2018 द्वारा जनपद प्रयागराज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की दिनांक 01 & 02 फरवरी 2019 में होने वाली प्रवक्ता परीक्षा को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने में कठिनाई बताई गई है। जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा यह भी अनुरोध किया गया है कि दिनांक 01 & 02 फरवरी 2019 को जनपद प्रयागराज में होने वाली प्रवक्ता संवर्ग की परीक्षा, किसी अन्य जनपद में कराई जाये। जिलाधिकारी द्वारा वर्णित परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का भली भाँति संज्ञान लेते हुए चयन बोर्ड द्वारा परीक्षा केन्द्र के रूप में प्रयागराज (इलाहाबाद) की प्रथम अधिमानता भरने वाले सभी अभ्यर्थियों को उनके द्वितीय अधिमानता के आधार पर केन्द्र आवंटित किया गया है।

इस प्रकार प्रयागराज जनपद को छोड़कर विज्ञापित अन्य जनपदों आगरा, अयोध्या (फैजाबाद), आजमगढ़, बरेली, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद एवं वाराणसी में केन्द्र निर्धारण कर विज्ञापन संख्या 02/2016 प्रवक्ता संवर्ग का प्रवेश पत्र दिनांक 14.01.2019 को वेबसाइट **http://pariksha.up.nic.in/** पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आवश्यक सूचना अंकित करते हुए अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की यह सुविधा दिनांक 02 फरवरी 2019 तक उपलब्ध रहेगी।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट **http://www.upsessb.org/** अथवा एन0आई0सी0 की वेबसाइट **http://pariksha.up.nic.in/** (UTTAR PRADESH SECONDARY EDUCATION SERVICES SELECTION BOARD, PRAYAGRAJ section) से डाउनलोड करें। अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र पर छपे अनुदेश का भली भाँति अध्ययन करने के पश्चात् नियत तिथि को निर्धारित परीक्षा केन्द्र में ही सम्मिलित हों। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने में कोई कठिनाई आ रही हो, तो वह चयन बोर्ड के कन्ट्रोल रूम दूरभाष नं0–0532–2467743 अथवा मोबाइल नं0–9161529843 पर सम्पर्क कर अपनी पृच्छा का समाधान कर सकते हैं।

14-01-2019

(नवल किशोर)
उपसचिव/परीक्षा नियन्त्रक
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।